माध्यमिक अंग्रेज़ी

अंग्रेजी में बोलने का समर्थन करना: जोड़ी और समूहकार्य।



Teacher Education

भारत में विद्यालय आधारित समर्थन के माध्यम से शिक्षक शिक्षा

http://creativecommons.org/licenses/

संदेश

शिक्षकों को बाल केंन्द्रित कक्षा अभ्यास की ओर उन्मुख करने तथा शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को सम्मुख रखते हुए TESS-India राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। इस दिशा में TESS-India द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) का विकास किया गया है । ये संसाधन शिक्षकों तथा शिक्षक–प्रशिक्षकों के वृत्ति विकास (Professional development) में लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के नेतृत्व में इन संसाधनों का स्थानीयकृत किया गया है, जिसके अन्तर्गत इनके उद्देश्य के मूल को बरकरार रखते हुए इनमें स्थानीय, भाषा, बोली, प्रथाओं, संस्कृतियों तथा नियमों को सम्मिलित किया गया है। इनका उपयोग शिक्षण कार्य में सहजता एवं सुगमता पूर्वक किया जा सकता है ।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के मार्गदर्शन में TESS-India द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) नेट पर आप सभी के लिए सुलभ उपलब्ध है ।

शुभकामनाओं सहित ।

(डॉ0 मुरली मनोहर सिंह)
निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, बिहार

समीक्षा एवं दिशाबोध
डॉ. मुरली मनोहर सिंह, निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. सैयद अब्दुल मोईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. क़ासिम खुर्शीद, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
डॉ. इम्तियाज़ आलम, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. स्नेहाशीष दास राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. अर्चना, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. रीता राय, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
श्री तेज नारायण प्रसाद, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार

स्थानीयकरण
भाषा और शिक्षा
डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एडुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर, वैशाली
श्री सुमन सिंह, प्रखंड साधनसेवी, भगवानपुर हाट, सिवान
श्री कात्यायान कुमार त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय चैलीटाल, पटना
श्री कृत प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, हिलसा, नालंदा
प्राथमिक अंग्रेज़ी
श्री अरशद रज़ा, सहायक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, पचासा रहुई, नालंदा
श्री संतोष सुमन, सहायक शिक्षक, बालिका उच्च विद्यालय, महुआबाग
श्री शशि भूषण पाण्डेय, सहायक शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुकुन्दपुर, नालंदा
श्रीमती रचना त्रिवेदी, शिक्षिका, नोट्रेडेम अकादमी, पटना
माध्यमिक अंग्रेज़ी
श्री मणिशंकर, प्रधानाध्यापक, तारामणी भगवानसाव उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोइलवर, भोजपुर
डॉ. ब्रजेश कुमार, शिक्षक, पी. एन. एंग्लो संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, नया टोला, पटना
प्राथमिक गणित
श्री कृष्ण कान्त ठाकुर
श्री दिलीप कुमार, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, बुलनी हैदरपुर, नालंदा
श्री गोविन्द प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, चनपटिया, पश्चिमी चम्पारण
माध्यमिक गणित
डॉ. राकेश कुमार, भागलपुर डायट
श्री रिज़वान रिज़वी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिलौटा चाँद, कैमूर
श्री इन्द्रभूषण कुमार, शिक्षक, सहयोगी माध्यमिक विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली
प्राथमिक विज्ञान
श्री मनोज त्रिपाठी, प्रखंड साधनसेवी, बरहारा, भोजपुर
श्री शशिकान्त शर्मा, प्रखंड साधनसेवी, आरा, भोजपुर
श्री रणबीर सिंह, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय शिक्षक संघ, सहरसा
माध्यमिक विज्ञान
श्री जी.वी.एस.आर प्रसाद
श्री मुकुल कुमार, शिक्षक, सहायक शिक्षक, गोरखनाथ सूर्यदेव माध्यमिक विद्यालय, राजापाकर वैशाली

TESS-India (Teacher Education Through School Based Support) का लक्ष्य है भारत में मुक्त शैक्षिक संसाधनों के द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर शिक्षकों के कक्षा अभ्यासों को बेहतर करना। ये संसाधन शिक्षकों के छात्र–केन्द्रित, भागीदारी दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायता करेंगे।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Education Resources – OERs) शिक्षकों को विद्यालय की पाठ्यपुस्तक के लिए सहायक पुस्तिका प्रदान करते हैं। ये संसाधन शिक्षकों के लिए गतिविधियाँ प्रदान करते हैं जो वे कक्षा में अपने छात्रों के साथ कर सकते हैं। साथ ही इनमें केस स्टडी भी हैं जो ये दर्शाते हैं कि किस प्रकार दूसरे शिक्षकों ने उस विषय को सिखाया है। संबंधित संसाधन शिक्षकों को पाठ योजना बनाने में और विषय पर ज्ञान वर्धन करने में उनकी सहायता करते हैं।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन भारतीय पाठ्यक्रम और संदर्भों के अनुकूल हैं। ये *भारतीय तथा अतंर्राष्ट्रीय लेखकों के सहयोग से तैयार* किये गये हैं *और ये ऑनलाइन तथा प्रिंट उपयोग के लिए उपलब्ध है (http://www.tess-india.edu.in)* । मुक्त शैक्षिक संसाधन अनेकों संस्करणों में उपलब्ध हैं जो प्रत्येक राज्य के लिए उपयुक्त है जहाँ TESS India कार्यरत है। उपयोगकर्ता इन संसाधनों को अनुकूल और स्थानीयकृत करने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि ये स्थानीय आवश्यकताओं और संदर्भों को पूरा कर सकें।

TESS-India मुक्त विश्वविद्यालय, ब्रिटेन के नेतृत्व में तथा ब्रिटेन की सरकार द्वारा वित्त-पोषित है।

वीडियो संसाधन

इस इकाई की कुछ गतिविधियों के साथ निम्न प्रतीक का उपयोग किया गया है: *. इससे संकेत मिलता है कि निर्दिष्ट अध्यापन संबंधी थीम के लिए TESS-India वीडियो संसाधनों को देखना आपके लिए उपयोगी होगा।*

TESS-India वीडियो संसाधन भारत में अनेक प्रकार की कक्षाओं के संदर्भ में मुख्य अध्यापन तकनीकों का वर्णन करते हैं। हमें आशा है कि वे आपको इसी प्रकार के अभ्यासों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका उद्देश्य पाठ (टेक्स्ट) पर आधारित इकाइयों के माध्यम से काम करने के आपके अनुभव का पूरक होना और उसे बढ़ाना है।

TESS-India वीडियो संसाधनों को ऑनलाइन देखा या TESS-India की वेबसाइट, http://www.tess-india.edu.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, आप ये वीडियो सीडी या मेमोरी कार्ड के माध्यम से भी देख सकते हैं।

संस्करण 2.0 SE09v1
Bihar

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है.
http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/

TESS-India is led by The Open University UK and funded by UK aid from the UK government

यह इकाई किस बारे में है

मैं जानती हूँ कि मेरे छात्र–छात्राओं का अंग्रेजी बोलने में सक्षम होना कितना महत्वपूर्ण है। इससे उन्हें उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने, अन्य देशों के लोगों के साथ संवाद करने और भारत में या अन्यत्र बेहतर नौकरी पाने में मदद मिल सकती है। मेरे अधिकतर छात्र–छात्रा सरल प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी में दे सकते हैं, लेकिन वे वार्तालाप नहीं कर सकते। जीवन में संवाद और भविष्य में काम के लिए बोलने के आवश्यक कौशलों को विकसित करने में मैं उनकी मदद कैसे कर सकती हूँ?

यह इकाई कक्षा की उन गतिविधियों के बारे में है जो स्वतंत्र रूप से अंग्रेजी में बोलने में आपके छात्र–छात्राओं की मदद करेगी। अंग्रेजी में बोलने में सक्षम होना वह कौशल है जो आपके छात्र–छात्राओं के लिए विद्यालय के बाहर और उसके बाद के जीवन में लाभदायक होगा। इसे प्राप्त करने के लिए, आपके छात्र–छात्राओं को स्वयं अपने उद्देष्यों के लिए भाषा का उपयोग करते हुए अंग्रेजी में अपने आप को व्यक्त करना सीखना होगा: किसी मुद्दे पर चर्चा करने, वार्तालाप करने या कोई जानकारी प्राप्त करने के लिए। उन्हें विविध प्रकार की बोलने की गतिविधियों में भाग लेना होगा, जिनमें वे गतिविधियाँ शामिल हैं जो उन्हें वास्तविक जीवन के लिए आवश्यक कौशलों को विकसित करने का अवसर देती हैं। उन्हें अपने शब्दों का उपयोग करके बोलने के अवसर की भी जरूरत होती है। यदि शब्द और वाक्यांश उनके लिए सदैव उपलब्ध कराए जाते हैं, या वे याद किए हुए शब्द और वाक्यांश दोहराते हैं, तो जब उनके बोलने का अवसर आएगा तब उन्हें इसमें कठिनाई होगी।

यह इकाई आपको कक्षा में ऐसी विविध गतिविधियाँ करने के तरीकों के बारे में कुछ विचार देती है जो वास्तविक जीवन में भाग लेने के लिए आवश्यक कौशलों का विकास करने में छात्र–छात्राओं की सहायता करती है। यह दिखलाती है कि आप जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करके छात्र–छात्राओं को यथा संभव अंग्रेजी में बोलने के अधिक अवसर कैसे प्रदान कर सकते हैं। जोड़ी और समूहकार्य ऐसी स्थितियों का निर्माण करने में आपकी मदद करते हैं जहाँ छात्र–छात्राओं को एक दूसरे के साथ संवाद करने के लिए अंग्रेजी का उपयोग करना पड़ता है। भाषा के अभ्यास के लिए जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने का काम चुनौतीपूर्ण है, इसलिए यह इकाई इस बात की खोजबीन करती है कि अन्य शिक्षक इस प्रकार की बोलने की गतिविधियों को कैसे आयोजित और प्रबंधित करते हैं।

जब छात्र–छात्रा पहली बार जोड़ियों और समूहों में अंग्रेजी बोलना शुरू करते हैं, तब उन्हें बहुत सारे समर्थन की जरूरत होती है। इसकी शुरूआत उन्हें बोलने के लिए पाठ देकर, जैसे पाठ्यपुस्तक से ऊँची आवाज़ में पढ़ना, वाक्यांशों और वाक्यों को दोहराना (देखें इकाई *अपनी कक्षा में अंग्रेजी का अधिक उपयोग करना*), या किसी सहपाठी को कोई गद्यांश बोलकर लिखवाना (नीचे चर्चित), की जा सकती हैं। जब वे आश्वस्त होने लगें, तब आप उनको दी जाने वाली सहायता को कम कर सकते हैं और भूमिका अभिनय (रोल प्ले), साक्षात्कार या चर्चा (नीचे चर्चित) जैसी बोलने की गतिविधियों के माध्यम से अपने शब्दों और विचारों का उपयोग करते हुए संवाद करने के लिए अधिक अवसर दे सकते हैं (देखें इकाई *अपने छात्र–छात्राओं में अंग्रेजी बोलने के आत्मविश्वास का निर्माण करना*)।

आप इस इकाई में सीख सकते हैं

- बोलने की गतिविधियों के लिए जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने के तरीके।
- अंग्रेजी में उद्देश्यपूर्ण बातचीत करने के अवसर पैदा करना।
- बड़ी कक्षा के साथ बोलने की गतिविधियों का आयोजन और प्रबंधन करना।

1 जोड़ी और समूहकार्य में बोलने की गतिविधियाँ

छात्र–छात्राओं को विद्यालय से हटकर अपने जीवन में सभी तरह की स्थितियों में अंग्रेजी में बोलने की जरूरत पड़ सकती है। आश्वस्त होकर धाराप्रवाह बोलने के लिए उन्हें अभ्यास करना चाहिए। फिर भी, कई छात्र–छात्राओं के पास ऐसा करने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं होते हैं; एकमात्र जगह जहाँ वे अंग्रेजी बोलने का अभ्यास कर सकते हैं वह है उनकी कक्षाएँ। इसका मतलब यह है कि आपको वास्तविक उद्देश्यों के लिए अंग्रेजी में बोलने के अवसर पैदा करने चाहिए, ताकि छात्र–छात्रा आपके साथ और एक दूसरे के साथ संवाद करने के लिए भाषा का उपयोग करें।

आप सोच रहे होंगे कि सभी छात्र–छात्राओं को कक्षा में बोलने का अवसर देना कठिन है, खास तौर पर यदि आपके पास छात्र–छात्रा बड़ी संख्या में हों। आपके सभी छात्र–छात्राओं को बोलने का अवसर देने का एक तरीका है उन्हें एक दूसरे के साथ बात करने के लिए जोड़ियों या समूहों (उदाहरण के लिए, तीन या चार छात्र–छात्राओं के) में संगठित करना (चित्र 1)।

चित्र 1: अंग्रेजी बोलने का अभ्यास करने के लिए जोड़ियों और समूहों में काम कर रहे छात्र–छात्रा। नोट करें कि एक साथ काम करने से, सभी छात्र–छात्राओं को बोलने का अवसर मिलता है।

सीखने के लिए जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने के कई लाभ हैं:

- वे छात्र–छात्राओं को एक दूसरे से सीखने का अवसर देते हैं
- विभिन्न स्तरों के छात्र–छात्रा एक दूसरे की मदद और समर्थन कर सकते हैं
- वे अंग्रेजी में बोलने का अभ्यास करने के लिए विशेष रूप से उपयोगी हो सकते हैं।

जोड़ी और समूहकार्य छात्र–छात्राओं को अपनी बोलचाल को आजमाने के लिए अधिक सुरक्षित वातावरण पेश करते हैं क्योंकि उन्हें कम लोग सुनते हैं लेकिन सभी छात्र–छात्राओं को बोलने और सुनने के अवसर मिलते हैं। इससे छात्र–छात्रा अंग्रेजी में बोलने का आत्मविश्वास विकसित करने में समर्थ होते हैं। आप चाहें तो मुख्य संसाधनों, जोड़ी एवं समूह में कार्य करने के उपयोग पर एक नज़र डाल सकते हैं।

वीडियो: जोड़े में कार्य का उपयोग करना

वीडियो: समूहकार्य का उपयोग करना

अंग्रेजी में संवाद करने के एक कदम के रूप में जोड़ी में लिखवाना (dictation)

जोड़ी में लिखवाना आपके छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में एक दूसरे से बोलने और सुनने का आदी बनाने का एक सरल तरीका है। यह शुद्ध रूप से संवाद की गतिविधि नहीं है, क्योंकि छात्र–छात्रा स्वयं सार्थक वाक्यों का निर्माण नहीं करते हैं। तथापि, जो छात्र बोल रहे होते हैं उन्हें उच्चारण में उपयोगी अभ्यास मिलता है और जो छात्र सुनते और लिखते हैं उन्हें भी स्पेलिंग और विराम चिह्न लगाने का अभ्यास मिलता है। ये कौशल उनके आत्मविश्वास और वास्तविक जीवन में अंग्रेजी में संवाद करने की क्षमता को विकसित करते हैं।

केस स्टडी 1: सुश्री प्रिया अपने छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी बोलने का अभ्यास कराने के लिए जोड़ी में लिखवाने (dictation) का उपयोग करती हैं

सुश्री प्रिया ने हाल ही में छात्र–छात्राओं को कक्षा में अंग्रेजी बोलने का अवसर देने की महत्ता के बारे में एक प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। सत्र में, उन्होंने जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने के बारे में सीखा।

मैं कक्षा 9 को पढ़ाती हूँ, और हम NCERT textbook *Beehive* के अध्याय 8 से गुजर रहे हैं। पिछली कक्षा में हम पृष्ठ 108 पर पहुँचे, जिसमें निम्नलिखित श्रुतलेख गतिविधि है:

> 'The Raincoat'
>
> After four years of drought in a small town in the north-east, the vicar gathered everyone together for a pilgrimage to the mountain, where they would pray together and ask for the rain to return.
>
> The priest noticed a boy in the group wearing a raincoat.
>
> 'Have you gone mad?' he asked. 'It hasn't rained in this region for five years, the heat will kill you climbing the mountain.'
>
> 'I have a cold, father. If we are going to ask God for rain, can you imagine the way back from the mountain? It's going to be such a downpour that I need to be prepared.'
>
> At that moment a great crash was heard in the sky and the first drops began to fall. A boy's faith was enough to bring about a miracle that not even those most prepared truly believed in.

सामान्यतया, मैं पाठ्यपुस्तक के dictation जोर से पढ़ती हूँ, और छात्र–छात्रा सुनते तथा लिखते हैं। फिर भी, प्रशिक्षण सत्र में मैंने सीखा कि शिक्षक/शिक्षिका को हमेशा ही वह व्यक्ति होना जरूरी नहीं है जो कक्षा में बोलता है। मैंने जाना कि मेरे छात्र–छात्रा भी श्रुतलेख दे सकते हैं। मैंने सोचा कि वे यह काम जोड़ियों में कर सकते हैं। एक छात्र पाठ को पढ़कर सुनाएंगा, और दूसरा उसे सुनेगा तथा लिखेगा।

मैंने अपने छात्र–छात्राओं से उनके बगल में बैठे व्यक्ति के साथ जोड़ियाँ बनाने को कहा। कुछ बेंचों के अंत में कुछ छात्र–छात्रा बच गए, जिन्होंने जोड़ियों की बजाय तीन के समूह बना लिए। तब मैंने अपने छात्र–छात्राओं से अपने साथी(थियों) को गद्यांश पढ़कर लिखवाना शुरू करने को कहा। मैं कक्षा में घूमने लगी, और देखा कि अधिकतर छात्र–छात्राओं को कठिनाई हो रही है। वे नहीं जानते थे कि उन्हें क्या करना है, और वे केवल गद्यांश को पढ़ रहे थे। मुझे समझ में आया कि मेरे निर्देश स्पष्ट नहीं

थे। मैंने हर एक से रुकने को कहा, और दोबारा प्रयास करने का निश्चय किया।

इस बार, मैंने समूहों से कहा, "Decide who is Student A and who is Student B" (तीन के समूहों में दो छात्र–छात्राओं के पास एक ही पत्र था।) मैंने उन्हें तय करने के लिए एक मिनट का समय दिया। फिर मैंने कहा "Student As, raise your hands. Student Bs, raise your hands" इस तरह मैंने जाना कि हर एक को पता था कि कौन Student A था और कौन Student B। फिर, मैंने कक्षा को गतिविधि के लिए निर्देश दिए और उन्हें ब्लैकबोर्ड पर लिखा।



मैंने सुनिश्चित किया कि हर एक ने निर्देशों को समझ लिया है जिसके लिए मैंने उनसे उनके घर की भाषा में बताने को कहा कि उन्हें क्या करना है। मैंने अपने छात्र–छात्राओं से कहा, "You have ten minutes for the pair dictation". छात्र–छात्राओं ने अपने साथियों को गद्यांश बोलकर लिखवाना शुरू किया [चित्र 2]। जब वे गतिविधि कर रहे थे, तब मैंने कक्षा में घूमते हुए, जोड़ियों को सुना और जाँच की कि हर कोई गतिविधि को सही ढंग से कर रहा है। उनमें से कुछ अब भी आश्वस्त नहीं थे, इसलिए मैंने उन्हें फिर से समझाया। उनमें से अधिकांश गतिविधि का आनंद ले रहे थे और सब सुचारु रूप से चल रहा था। अपने कई छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में बोलते सुनकर अच्छा लग रहा था।

चित्र 2: एक छात्र The Raincoat पढ़ता है जबकि दूसरा वह लिखता हो जो उसका साथी पढ़ता है।

जब मैं सुन रही थी, तब मैंने देखा कि कुछ छात्र–छात्रा उच्चारण में गलतियाँ कर रहे हैं। मैंने उन्हें नहीं टोका। मैंने सबसे आम उच्चारण की आम गलतियों को नोट किया और निश्चय किया कि मैं गतिविधि के बाद सारी कक्षा के साथ इन गलतियों को सुधार सकती हूँ। मैंने सोचा कि मेरे नोट्स आकलन के लिए उपयोगी हो सकते हैं (देखें इकाई *निर्माणात्मक आकलन के माध्यम से भाषा सीखने का समर्थन करना*)।

नौ मिनट बीतने पर, मैंने छात्र–छात्राओं से कहा, You have one more minute। दस मिनट बीतने पर, कुछ छात्र–छात्राओं ने पढ़ना समाप्त नहीं किया था, लेकिन मैं जानती थी कि हर एक को कुछ वाक्यों को पढ़कर लिखवाने का अवसर मिल गया था। मेरे लिए सभी के काम की जाँच करना संभव नहीं था, इसलिए मैंने उनसे पाठ्यपुस्तक के गद्यांश के साथ उसकी तुलना करके स्वयं जाँचने और सही करने को कहा। इससे उन्हें यह देखने में सहायता मिली कि उन्हें स्पेलिंग या विराम चिह्नों के साथ कहाँ कठिनाइयाँ हुई थीं।

कुल मिलाकर गतिविधि अच्छे ढंग से हुई, हालांकि मुझे महसूस हुआ कि मुझे इस तरह की गतिविधियों के लिए अधिक स्पष्ट निर्देश देने चाहिए। मैं अपनी कक्षाओं में जोड़ी में कार्य का अधिक उपयोग करने वाली हूँ। मेरा ख्याल है कि मैं इसका जितना अधिक उपयोग करूँगी, छात्र–छात्रा उतना ही अधिक इसके अभ्यस्त होंगे।

गतिविधि 1: जोड़ी में dictation का उपयोग करना

आप इस गतिविधि का उपयोग किसी भी छोटे गद्यांश और किसी भी कक्षा के साथ कर सकते हैं। अपने छात्र–छात्राओं के साथ जोड़ी में श्रुतिलेख अभ्यास आजमाने के लिए इन चरणों का पालन करें:

1. कक्षा से पहले, एक छोटा गद्यांश (जैसे कोई अनुच्छेद) खोजें जिसका उपयोग आपके छात्र–छात्रा श्रुतलेख के लिए कर सकते हैं। सुनिश्चित करें कि पाठ शब्दावली और विराम चिह्नों के हिसाब से अधिक जटिल नहीं है।
2. अपने छात्र–छात्राओं को जोड़ियों में संगठित करें (उदाहरण के लिए, उनके बगल के व्यक्ति के साथ)। देखें कि हर कोई जोड़ी में है। कोई भी बचा हुआ व्यक्ति किसी जोड़ी में शामिल होकर तीन का समूह बना सकता है।
3. छात्र–छात्राओं को जोड़ी में श्रुतलेख के लिए, यदि हो सके तो अंग्रेजी का उपयोग करते हुए, निर्देश दें। आप निर्देशों को ब्लैकबोर्ड पर लिख सकते हैं। जाँच करें कि उन्होंने निर्देश समझ लिए हैं (उदाहरण के लिए, छात्र–छात्राओं से अपने घर की भाषा में बताने को कहकर कि उन्हें क्या करना है)।
4. सुनिश्चित करें कि छात्र–छात्रा किसी बिंदु पर भूमिकाओं (रोल) की अदला-बदली करें, ताकि जो बोल रहा था वह अब लिखे और जो लिख रहा था वह अब बोले।
5. गतिविधि के लिए समय सीमा दें, जैसे दस मिनट।
6. छात्र–छात्राओं के काम करते समय कमरे में घूमें। जाँच करें कि उन्होंने समझ लिया है कि उन्हें क्या करना है और जहाँ आवश्यक हो वहाँ मदद करें या नोट्स बनाएं (उदाहरण के लिए, आम उच्चारण या स्पेलिंग की समस्याओं के)। जाँच करें कि सभी छात्र–छात्रा गतिविधि में भाग ले रहे हैं।
7. जब समय समाप्त हो जाय, तब छात्र–छात्राओं से काम करना बंद करने को कहें।
8. छात्र–छात्राओं से अपने काम की तुलना पाठ्यपुस्तक के साथ करने को कहें।
9. आपको नज़र आने वाली किसी भी आम गलती (उदाहरण के लिए, उच्चारण, स्पेलिंग या विराम चिह्न की) पर प्रतिक्रिया प्रदान करें।

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- क्या आपके छात्र–छात्राओं ने समझा कि उन्हें क्या करना था? यदि नहीं, तो आप भविष्य में अपने निर्देशों को अधिक स्पष्ट कैसे बना सकते हैं?
- क्या आपके सभी छात्र–छात्रा बोले? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? भविष्य की जोड़ी में कार्य गतिविधियों में अपने अधिक छात्र–छात्राओं को बोलने के लिए प्रेरित करने के लिए आप कैसे मदद कर सकते हैं?

इससे पहले कि वे जोड़ियों या समूहों में काम करें, छात्र–छात्राओं को समझना होगा कि उन्हें क्या करना है। ब्लैकबोर्ड पर निर्देश लिखना एक अच्छा तरीका है ताकि छात्र–छात्रा काम करते समय उनका संदर्भ ले सकें। आप गतिविधि को पहले सारी कक्षा के साथ प्रदर्शित भी कर सकते हैं, जिसके लिए आप दो छात्र–छात्राओं से सारी कक्षा के सामने गतिविधि का अभ्यास करवा सकते हैं।

यदि आपके सारे छात्र–छात्रा नहीं बोले हैं, तो कठिनाइयों का पता लगाने का प्रयास करें। क्या आपके छात्र–छात्रा गलतियाँ करने से डरते हैं? क्या वे जोड़ियों में काम करने में असहज महसूस करते हैं? छात्र–छात्राओं को शुरू में जोड़ी और समूहकार्य कठिन लग सकता है। यदि आप उन्हें उसके लाभों, और इस बारे में बताते हैं कि वह अभ्यास के साथ आसान हो जाएगा तो उससे मदद मिल सकती है। जितनी बार हो सके उतनी बार जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करें इससे छात्र–छात्रा जल्दी ही उसके अभ्यस्त हो जाएंगे। सभी छात्र–छात्राओं को सम्मिलित करने पर अधिक जानकारी के लिए देखें संसाधन 1, सबको सम्मिलित करना।

2 अंग्रेजी में वास्तविक जीवन के संचार के लिए अवसर तैयार करना

छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी कक्षाओं में अंग्रेजी बोलने के लिए अधिक–से–अधिक अवसर देना महत्वपूर्ण होता है। लेकिन बोलचाल की कई गतिविधियों में, छात्र–छात्रा कुछ ऐसे वाक्यांशों को ऊँची आवाज़ में पढ़ते या बोलते हैं जो उन्होंने सीखे हैं। इन गतिविधियों में छात्र–छात्राओं को स्वयं अपने विचार बोलने या अपने विचारों को साझा करने के लिए वाक्यों की रचना करने की भी जरूरत नहीं होती है।

जब हम वास्तविक जीवन में बोलते हैं, तब आम तौर पर वह जानकारी या विचार साझा करते हैं जो सुनने वाले के लिए नए होते हैं। उदाहरण के लिए, हो सकता है आप अपने प्रधानाध्यापक को किसी छात्र–छात्रा के बारे में कोई जानकारी देते हैं, या आप अपने मित्रों को काम से घर जाते समय अपने साथ घटी किसी घटना के बारे में बता सकते हैं।

बोलचाल की अच्छी गतिविधियाँ वास्तविक जीवन की स्थितियों पर आधारित होती हैं जिनमें जानकारी का आदान-प्रदान किया जाता है। ऐसी गतिविधियों में, छात्र–छात्राओं को जो कुछ वे कहना चाहते हैं उसका संवाद करने के लिए भाषा का उपयोग करना होता है।

संवाद कौशलों को विकसित करने वाली बोलने की गतिविधियों के उदाहरण हैं, भूमिका अभिनय (रोल प्ले), साक्षात्कार और चर्चाएं – भूमिका अभिनय (रोल प्ले) गतिविधि के उदाहरण के लिए देखें संसाधन 2। आगे आने वाली गतिविधियों और केस स्टडी में आप साक्षात्कारों और चर्चाओं पर नज़र डालेंगे।

जोड़ी या समूहकार्य जिसमें छात्र–छात्रा एक दूसरे के साथ साक्षात्कार का संचालन करते हैं, संवाद करने के लिए अंग्रेजी का उपयोग करने का अच्छा तरीका हो सकता है। एक छात्र दिखावा कर सकता है कि वह एक पत्रकार है, जबकि दूसरा साक्षात्कार देने वाला हो सकता है (वे मशहूर फिल्मी सितारे, खेल नायक, संगीतज्ञ, स्थानीय व्यक्ति, आदि हो सकते हैं)। जब छात्र–छात्रा भूमिकाएं निभाते हैं, तब वे एक गतिविधि में भाग ले रहे होते हैं जो एक वास्तविक जीवन की स्थिति पर आधारित है जिसमें एक व्यक्ति प्रश्न पूछता है और दूसरा जानकारी के संवाद के लिए जवाब देता है।

केस स्टडी 2: श्री संजय छोटे समूहों में साक्षात्कार करने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद करते हैं

श्री संजय एक सरकारी माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 को अंग्रेजी पढ़ाते हैं।

मैं कक्षा 9 को पढ़ाता हूँ, और हमने हाल ही में Santosh Yadav, जो एक महिला हैं और सभी कठिनाइयों के विरुद्ध संघर्ष करके Mount Everest पर चढ़ीं, के बारे में एक गद्यांश पढ़ा [देखें SCERT Class X textbook Panorama English reader part I, Chapter 2 – 'Scaling great heights']। वे एक साहसी, दृढ़ निश्चयी युवती हैं, और मैंने सोचा कि साक्षात्कार गतिविधि के लिए उनके चरित्र का उपयोग दिलचस्प रहेगा।

गद्यांश के बारे में छात्र–छात्राओं को याद दिलाने के बाद, मैंने उन्हें यह कल्पना करने को कहा कि वे पत्रकार हैं, और वे आरोही, Santosh Yadav का साक्षात्कार करने जा रहे हैं। मैंने संपूर्ण कक्षा से ऐसे कुछ प्रश्न सोचने को कहा जो वे पूछना चाहेंगे और कुछ छात्र–छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किए। मैंने उन्हें बोर्ड पर लिखा:



फिर मैंने कक्षा को जोड़ियों में संगठित किया (छात्र–छात्राओं के अपने बगल के छात्र–छात्रा के साथ काम करते हुए) और उनसे Santosh के लिए अधिक–से–अधिक प्रश्न लिखने को कहा। मैंने उन्हें कल्पनाशील होने के लिए प्रोत्साहित किया। मैंने उन्हें प्रश्न लिखने के लिए एक समय सीमा दी – लगभग आठ मिनट। जब उन्होंने प्रश्न लिखना शुरू किया, तो मैंने घूमते हुए जिन्हें जरूरत थी उनकी मदद की, कुछ गलतियाँ सुधारीं, और यह कहते हुए कुछ अधिक अन्वेषणात्मक प्रश्न सुझाए:

> Do you want to ask Santosh about things you already know about her or do you want to find out things that you don't know?

मैंने शीघ्रता से सुनिश्चित किया कि हर जोड़ी ने कुछ प्रश्न लिखे हैं, और फिर उन्हें लिखना रोकने को कहा। मैंने अपनी कक्षा को बताया कि वे साक्षात्कार करने जा रहे हैं, और मैंने हर दूसरी कतार से अपनी बेंचों पर पीछे घूम जाने को कहा ताकि छात्र–छात्रा एक दूसरे के सामने रहें, और कुछ और निर्देश दिए।

Now each pair is facing another pair. One pair plays the role of the journalist and the other plays the role of Santosh.

Who is the journalist? Please raise your hands.

Who is Santosh? Please raise your hands.

Please listen to me, journalists. Ask your questions to Santosh.

To the students who are Santosh: use your imaginations to answer the questions.

When you have finished the interview, please change roles. The second pair will ask their questions.

छात्र–छात्राओं ने साक्षात्कार शुरू किए [चित्र 3]। मैं एक समूह को सुनने के लिए कमरे के पिछले भाग में गया। जब मैं सुन रहा था, तब मैंने देखा कि एक लड़की भाग नहीं ले रही थी – उसका सहपाठी सभी प्रश्नों के उत्तर दे रहा था। मैंने उनसे कहा कि उन्हें बारी-बारी से प्रश्नों के उत्तर देने चाहिए, और जब वह कहीं अटके तो उसका सहपाठी शब्द बोलकर उसकी मदद कर सकता है।

चित्र 3: छोटे समूहों में साक्षात्कार।

फिर मैंने कमरे के मध्य में एक समूह को सुना। मैंने देखा कि प्रश्नों का उत्तर देने के लिए वे अपने घर की भाषा का उपयोग कर रहे थे। मैंने उनसे पूछा कि वे ऐसा क्यों कर रहे हैं, और उन्होंने कहा कि वे एक शब्द नहीं जानते हैं जिसका उपयोग वे अंग्रेजी में करना चाहते हैं। मैंने उन्हें उस शब्द का अनुवाद दिया, और उनसे अधिक–से–अधिक अंग्रेजी का उपयोग करने को कहा – चाहे उन्हें एक शब्द भी पता न हो। मैंने उनसे ऐसे शब्दों को भी नोट करने को कहा जो वे नहीं जानते हैं, ताकि वे मुझसे बाद में पूछ सकें या शब्दकोष में खोज सकें।

तभी मैंने महसूस किया कि कमरे में काफी शोर हो रहा है। मैंने देखा कुछ समूह अन्य समूहों की अपेक्षा अधिक शोर कर रहे हैं, इसलिए मैं उनके पास गया और उनसे थोड़ा शांत होकर बोलने को कहा। कभी-कभी शांति स्थापित करने के लिए समूह का ध्यान खींचना और इशारे का उपयोग करना ही पर्याप्त होता है।

मैंने देखा कि कई छात्र–छात्रा गलतियाँ कर रहे हैं। मैं जानता था कि यदि मैंने टोका, तो मैं उन्हें बोलने से निरुत्साहित कर दूँगा – चूँकि इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य है छात्र–छात्राओं को अंगरेजी में बोलने के लिए प्रेरित करना। इसकी बजाय,

मैंने कुछ आम गलतियाँ नोट कीं और तय किया कि मैं इन समस्याओं की समीक्षा किसी अन्य कक्षा में करूँगा।

दस मिनट बाद मैंने देखा, कई समूह साक्षात्कार समाप्त कर रहे हैं, इसलिए मैंने गतिविधि को खत्म करने का फैसला किया। मैंने दस से शून्य तक की उल्टी गिनती शुरू की। जब तक मैं शून्य पर पहुँची, समूह शांत हो चुके थे, और उन्होंने बात करना बंद कर दिया था। मैंने छात्र–छात्राओं से Santosh के बारे में एक रिपोर्ट लिखने के लिए साक्षात्कार के नोट्स का उपयोग करने को कहा।

गतिविधि 2: कक्षा में साक्षात्कार गतिविधि आजमाएं

इन चरणों का अनुसरण करें और अपनी कक्षा में साक्षात्कारों का उपयोग करने का प्रयास वैसे ही करें जैसे केस स्टडी 2 में श्री संजय ने किया। इससे आपके छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में संवाद का अभ्यास करने का अवसर मिलेगा:

1. एक व्यक्ति का चयन करें जिसका साक्षात्कार किया जाना है। यह कोई भी हो सकता है, पाठ्यपुस्तक के गद्यांश से कोई व्यक्ति (केस स्टडी 2 की तरह), कोई काल्पनिक चरित्र, या छात्र–छात्राओं द्वारा सुझाया गया कोई प्रसिद्ध व्यक्ति; उदाहरण के लिए, कोई फिल्मी सितारा, कोई खेल नायक, कोई स्थानीय मशहूर व्यक्ति इत्यादि। यदि साक्षात्कार किया जाने वाला व्यक्ति छात्र–छात्राओं के लिए दिलचस्प है, तो उनके प्रेरित होने की अधिक संभावना है।
2. छात्र–छात्राओं से कुछ ऐसे प्रश्न देने को कहें जो वे पूछना चाहते हैं, और उनमें से तीन से पाँच

   सुझाव ब्लैकबोर्ड पर लिखें। उन्हें ऐसे प्रश्न पूछने के लिए, जिनके उत्तर वे नहीं जानते हैं, तथा सृजनात्मकता और कल्पनाशीलता का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। उदाहरणों में शामिल हैं:
   - आपके कितने भाई–बहन हैं?
   - बड़े होकर आप क्या बनना चाहते हैं?
   - जब आपने यह काम कर लिया [उन्होंने जो कुछ भी किया] तो आपको कैसा लगा?
3. छात्र–छात्राओं से यह कल्पना करने को कि वे पत्रकार हैं और प्रश्नों को लिखने के लिए कहें। उन्हें कोई, जैसे, दस मिनट की, समय सीमा दें।
4. जब छात्र–छात्रा लिखते हैं तब कक्षा में घूमें और काम की जाँच करें और उसे सुधारें तथा रोचक प्रश्नों में मदद करें और उन्हें प्रोत्साहित करें।
5. हर दूसरी कतार को पीछे घूमने को कहें ताकि उनके चेहरे उनके पीछे वाली कतार के सामने हों। एक दूसरे के सामने बैठी जोड़ियों को चार का समूह बनाने को कहें। सुनिश्चित करें कि कोई भी अतिरिक्त छात्र–छात्रा समूह में शामिल किए जाएं।
6. छात्र–छात्राओं को बताएं कि प्रत्येक समूह की एक जोड़ी को पत्रकार की भूमिका में होनी चाहिए जबकि दूसरी जोड़ी साक्षात्कार करवाएगी। उनसे कहें कि पहला साक्षात्कार पूरा होने पर वे भूमिकाओं की अदला–बदली कर लें। पत्रकारों को साक्षात्कार के नोट्स बनाने चाहिए।
7. जाँच करें कि हर एक ने समझ लिया है कि उसकी क्या भूमिका है और उसे क्या करना है। साक्षात्कारों के लिए दस मिनट की समय सीमा दें।
8. जब समूह साक्षात्कारों का संचालन करें तब आप कमरे में घूमें और सुनें तथा आवश्यक हो तो सहायता करें।
9. करीब दस मिनट बाद, गतिविधि को कोई दिनचर्या करते हुए शीघ्रता से समाप्त करें (उदाहरण के लिए, दस से शून्य तक उल्टी गिनती करते हुए)।

ज़रा सोचिए

जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने के कई लाभ हैं। तथापि, उनकी अपनी चुनौतियाँ भी हैं, खास तौर पर तब जब उनका उपयोग बड़ी कक्षाओं में किया जाता है। अपने छात्र–छात्राओं के साथ इस गतिविधि को आजमाने के बाद, सोचें कि आपकी कक्षा में क्या हुआ:

- क्या आपके छात्र–छात्राओं ने अपने घर की भाषा (ओं) का उपयोग किया? यदि हाँ, तो आप उस अंग्रेजी की मात्रा को कैसे बढ़ा सकते हैं जिसका उपयोग छात्र–छात्रा भविष्य में बोलने की गतिविधियों में करेंगे?
- क्या शोर का स्तर स्वीकार्य था? क्या आपके विद्यालय के अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं ने शोर के स्तरों पर प्रतिक्रिया की? यदि कोई समस्या है, तो आप उन्हें हल करने के लिए क्या कर सकते हैं?
- क्या आपने छात्र–छात्राओं की गलतियाँ देखीं? बोलचाल की गतिविधियों में की गई गलतियों से आप कैसे निपट सकते हैं?

गतिविधि 3 में, आप इन प्रश्नों की आगे की खोजबीन करेंगे।

गतिविधि 3: बोलचाल की गतिविधियों के लिए जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने की चुनौतियाँ और संभावित समाधान

बोलचाल की गतिविधियों के लिए जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने की चुनौतियों के बारे में कुछ शिक्षकों की टिप्पणियाँ पढ़ें। उन्हें A, B, C और D से चिह्नित किया गया है:

A: मेरे छात्र–छात्रा हर समय अंग्रेजी का उपयोग नहीं करते। वे प्रायः अपने घर की भाषा का उपयोग करते हैं।

B: जब मेरे छात्र–छात्रा जोड़ियों या समूहों में बोलचाल की गतिविधि करते हैं, तो बहुत ज्यादा शोर होता है!

C: मैंने देखा कि मेरे कुछ छात्र–छात्रा सारी बातचीत करते हैं, और कुछ बिल्कुल भी नहीं बोलते। कुछ को अंग्रेजी में बोलने में बहुत कठिनाई होती है, तब भी जब मैं उन्हें उपयोग करने के लिए शब्द और वाक्यांश देता हूँ।

D: मैं सहमत हूँ कि छात्र–छात्राओं द्वारा जोड़ियों और समूहों में बोलने का अभ्यास करना अच्छा विचार है, लेकिन मेरे छात्र–छात्रा इतने अच्छे नहीं हैं। वे हमेशा बहुत सारी गलतियाँ करते हैं।

अब कुछ अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं की कुछ सलाह पढ़ें। तय करें कि कौन सी सलाह किस चुनौती के साथ जाती है, और उसके बगल में संबद्ध अक्षर लिखें। उदाहरण के लिए, पहली सलाह उन शिक्षक/शिक्षिकाओं की मदद करती है जो शोर के बारे में चिंतित हैं (B)। जब आप तैयार हों, तो संसाधन 3 में अपने उत्तरों की जाँच करें।

तालिका *1 बोलचाल की गतिविधियों के लिए जोड़ी और समूहकार्य के उपयोग करने की चुनौतियों के लिए संभावित समाधान।*

आपके छात्र–छात्राओं को बताना कि शोर का स्वीकार योग्य स्तर क्या है आप पर निर्भर करता है। कमरे में घूमें और सभी समूहों और जोड़ियों पर नज़र रखें ताकि यदि कुछ छात्र–छात्रा शोर मचा रहे हैं या गतिविधि नहीं कर रहे हैं तो आप उन्हें तत्काल रोक सकें।	B
निश्चित रूप से आप उन छात्र–छात्राओं की सहायता करें जिन्हें कठिनाई हो रही है। उन्हें शब्दों या वाक्यांशों के साथ अधिक मदद, या जो वे कहने जा रहे हैं उसकी योजना बनाने के लिए अधिक समय की जरूरत हो सकती है।	

छात्र–छात्रा अन्य छात्र–छात्राओं के साथ योजना बना सकते हैं ताकि वे एक दूसरे की मदद कर सकें। अपने सभी छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास करें ताकि वे प्रेरित और सीखने के लिए उत्सुक बने रहें।	
विद्यालय में अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं और अपने प्रधानाध्यापक से बात करें ताकि उन्हें पता हो कि कक्षा में क्यों शोर हो रहा है। सुनिश्चित करें कि वे समझें कि शोर अनुशासन की कमी का नहीं बल्कि सीखने की सक्रिय प्रक्रिया का परिणाम है।	
गलतियों की बहुत ज्यादा चिंता न करें। आप नोट्स बना सकते हैं और गतिविधि के बाद समूची कक्षा के साथ आम समस्याओं की समीक्षा कर सकते हैं।	
यदि शोर एक समस्या है, तो समय सीमा पर सहमत हों, या – यदि संभव हो – तो गतिविधि करने के लिए बाहर चले जाएँ।	
गलतियों के बारे में सकारात्मक बनें। याद रखें कि छात्र–छात्राओं के अभ्यास करने के लिए कक्षा एक सुरक्षित स्थान होनी चाहिए – वे अपनी गलतियों से सीखते हैं और वास्तविक जीवन में कक्षा के बाहर भाषा का उपयोग करने से पहले वे उसकी रिहर्सल करते हैं।	
जब आप कक्षा में घूमते हैं, तब छात्र–छात्राओं के अपने घर की भाषा का उपयोग करने पर नोट्स बनाएं, और गतिविधि के अंत में, आप उन्हें उनके लिए आवश्यक अंग्रेजी पढ़ा सकते हैं। छात्र–छात्राओं को वे शब्द नोट करने, और अपने खुद के समय में उन शब्दों की खोज करने के लिए शब्दकोष का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें जिन्हें वे नहीं जानते हैं।	
याद रखें कि छात्र–छात्राओं के घर की भाषा का उपयोग करना या भाषाओं को मिश्रित करना स्वाभाविक होता है। उन्हें जितनी संभव हो उतनी अंग्रेजी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें, लेकिन यह भी समझें कि ऐसे समय भी होते हैं जब छात्र–छात्राओं के पास वह व्यक्त करने के लिए अंग्रेजी में भाषा के कौशल नहीं होते हैं जो वे कहना चाहते हैं, और याद रखें कि थोड़ी सी भी अंग्रेजी बिल्कुल नहीं से तो बेहतर होती है।	

3 छात्र–छात्राओं को चर्चाओं में स्वतंत्र रूप से बोलने की ओर ले जाना

जब छात्र–छात्रा अंग्रेजी में बोलने में अधिक आश्वस्त हो जायं. तब वे चर्चाओं जैसी गतिविधियाँ कर सकते हैं। इनसे आपके छात्र–छात्राओं को रायों को साझा करने और सुनने के अवसर मिलेंगे। वे आपके छात्र–छात्राओं को अधिक स्वतंत्रता से बोलने और अपने आपको अपने शब्दों में व्यक्त करने का अवसर भी देते हैं।

आप किसी भी कक्षा या स्तर के साथ चर्चा की गतिविधियाँ कर सकते हैं। तथापि, नोट करें कि आपको उन विषयों का चुनाव करना चाहिए जो आपके छात्र–छात्राओं के स्तर और उम्र के लिए उपयुक्त हों, और उन छात्र–छात्राओं को भाषा का अधिक समर्थन दें जिनकी अंग्रेजी अधिक कमज़ोर है। यहाँ कुछ तरीके प्रस्तुत हैं जिनसे आप अंग्रेजी में र्चचा में भाग लेने के लिए अपने छात्र–छात्राओं की सहायता कर सकते हैं:

- अपने छात्र–छात्राओं को बात करने के लिए कोई दिलचस्प विषय दें। चर्चाओं का हमेशा गंभीर विषयों के बारे में होना आवश्यक नहीं है। यदि आप छात्र–छात्राओं को विषय का चुनाव करने देते हैं, तो वे उसके बारे में बात करना अधिक आसान महसूस कर सकते हैं, और वे संभवतः अधिक प्रेरित होंगे।

- छात्र–छात्राओं को जो वे कहना चाहते हैं तथा वे शब्द या वाक्यांश जिनकी उन्हें जरूरत पड़ सकती है तैयार करने के लिए कुछ समय दें (देखें इकाई *अंग्रेजी बोलने में अपने छात्र–छात्राओं के आत्मविश्वास का निर्माण करना*)।
- छोटे समूहों का उपयोग करें जहाँ छात्र–छात्रा एक दूसरे का समर्थन कर सकते हैं। समूहों के भीतर, सभी छात्र–छात्राओं को योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करें, लेकिन छात्र–छात्राओं से हर चर्चा में समान रूप से योगदान करने की अपेक्षा न करें।
- चर्चा को संक्षिप्त रखें, और छात्र–छात्राओं से अधिक देर तक बोलने की अपेक्षा न करें। कमरे में घूमें और जब छात्र–छात्रा गतिविधि कर रहे हों तब सुनें। यदि आप देखते हैं कि अधिकतर छात्र–छात्राओं ने काम पूरा कर लिया है, तो गतिविधि समाप्त कर दें। छात्र–छात्राओं के खत्म करने से पहले गतिविधि को खत्म करना हमेशा उसे बहुत देर तक घसीटते रहने से बेहतर होता है। यदि गतिविधि बहुत देर तक चलती है, तो छात्र–छात्रा ऊब जाते हैं और उनका ध्यान विचलित होने लगता है।
- यदि छात्र–छात्राओं को पता हो कि वे अपने विचारों के साथ बाद में कुछ करने वाले हैं, उदाहरण के लिए रिपोर्ट या प्रस्तुतिकरण देना, तो इससे छात्र–छात्राओं को चर्चा पर संकेंद्रन करने और ध्यान देने में मदद मिल सकती है। इसलिए आप चाहें तो चर्चा की गतिविधि के बाद लेखन गतिविधि करके अपनी गतिविधियों में परिवर्तन कर सकते हैं। Panorama part I, class IX और Panorama part II, class X. के पाठ के आरंभ में 'A' के अंतर्गत चर्चा के प्रष्न तथा अभ्यास के प्रष्नों के अंतर्गत C-2, group discussion में इस प्रकार उपयोग छात्र–छात्राओं के लिए लाभकारी हो सकता है।

केस स्टडी 3: सुश्री अरूणा चर्चाओं को छोटे समूहों में निर्देशित करती हैं

सुश्री अरूणा माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाती हैं। वे बतलाती हैं कि उन्होंने अपने छात्र–छात्राओं से विषय का चुनाव करवाकर अंग्रेजी में होने वाली एक चर्चा में उन्हें संलग्न करने का प्रयास कैसे किया।

मैं कक्षा 10 को पढ़ाती हूँ। पाठ्यपुस्तक में प्रायः चर्चाओं के लिए सुझाव होते हैं। मेरे छात्र–छात्राओं को चर्चाएं बहुत कठिन लगती थीं। मैं उनसे एक प्रश्न पूछती और फिर उनसे यह बताने को कहती थी कि वे क्या सोचते हैं। एक या दो छात्र–छात्रा उठकर खड़े होते थे और कुछ राय देकर बैठ जाते थे। ईमानदारी से कहूँ, तो हमेशा वे छात्र–छात्रा ही बोलते थे। अन्य छात्र–छात्रा कोई राय व्यक्त नहीं करते थे।

अंत में, मैं छात्र–छात्राओं के कहने के लिए बोर्ड पर कुछ वाक्य लिखती थी, जैसे "I think it is right to kill animals to save a human being", या "In my opinion, it is not right to kill animals to save a human being"। लेकिन मैं जानती थी कि वे बस मेरे वाक्यों को ऊँची आवाज़ में पढ़ रहे हैं, और अपनी असली राय नहीं दे रहे हैं। इस तरीके से उनके बोलने के कौशलों में कोई वास्तविक विकास नहीं हो रहा था।

मैंने एक नया तरीका आजमाने का निश्चय किया। मैंने अपने छात्र–छात्राओं से ऐसे कुछ विषयों के लिए पूछा जिन पर वे चर्चा करना पसंद करते थे। हमने बोर्ड पर एक सूची लिखी और एक को चुना: 'Which is the best TV serial on today? Why is it the best? Is it good – or bad – for young people to watch TV serials?

मैंने ब्लैकबोर्ड पर कुछ वाक्यांश लिखे जिनका उपयोग छात्र–छात्रा किसी राय को व्यक्त करने के लिए, और एक दूसरे के साथ सहमत या असहमत होने के लिए कर सकते थे:

I think that …

In my opinion …

I believe …

It seems to me that …

I agree with you.

I'm afraid I agree with …

You have a point but …

I couldn't agree with you.

फिर मैंने छात्र–छात्राओं को जो कुछ वे कहना चाहते थे उनके नोट्स बनाने के लिए दो या तीन मिनट दिए। मैंने उन्हें केवल नोट्स लिखने के लिए और पाठ न लिखने के लिए प्रोत्साहित किया। फिर मैंने उन्हें कुछ आगे के निर्देश दिए:



जब छात्र–छात्रा चर्चा कर रहे थे, तब मैं कमरे में घूम रही थी और चर्चाएं सुन रही थी। मैं न तो उसमें शामिल हुई और न ही मैंने उनकी गलतियाँ सुधारीं। चर्चाएं बहुत दिलचस्प थीं! मैंने दो समूहों को सुना और व्याकरण और उच्चारण की गलतियों के बारे में कुछ नोट्स बनाए।

पाँच मिनट बाद मैंने चर्चा रोक दी और कुछ समूहों के सेक्रेटरी से चर्चा की एक संक्षिप्त रिपोर्ट सारी कक्षा को देने के लिए कहा। आम तौर पर जब अन्य लोग पढ़ते या बोलते हैं तब छात्र–छात्रा अधकि नहीं सुनते हैं, लेकिन इस बार उन सभी को यह देखने में दिलचस्पी थी कि उनके पसंदीदा टीवी सीरियल के बारे में हर एक का क्या विचार था!

कक्षा के अंत में, मैंने व्याकरण और उच्चारण की गलतियों की समीक्षा की। मैंने वे शब्द बोर्ड पर लिखे जिनका उच्चारण

छात्र–छात्राओं ने गलत ढंग से किया था, और उनसे उन शब्दों को मेरे बोलने के बाद दोहराने को कहा। फिर मैंने बोर्ड पर उन गलतियों वाले कुछ वाक्यों को लिखा जो छात्र–छात्राओं ने की थीं, और उनसे गलतियों को खोजने और सही वाक्यों को अपनी नोटबुकों में लिखने को कहा।

छात्र–छात्राओं को कक्षा में मज़ा आया, और उन्होंने इस तरीके का उपयोग करके बहुत अधिक बातचीत की। अगली बार, मैंने चर्चा के बाद एक लेखन गतिविधि करने की योजना बनाई है ताकि छात्र–छात्राओं को विषय के बारे में अपने विचारों को विकसित करने के लिए अधिक समय मिल सके।

गतिविधि 4: कक्षा में आजमाएं – सामूहिक चर्चाओं में भाग लेने में छात्र–छात्राओं की सहायता करना

अपने छात्र–छात्राओं के साथ सामूहिक चर्चाएं करने के लिए इन चरणों का अनुसरण करें:

1. अपने छात्र–छात्राओं से किसी विषय के बारे में चर्चा करने के लिए विचार साझा करने के लिए कहें। विचारों को ब्लैकबोर्ड पर लिखें और छात्र–छात्राओं से, उदाहरण के तौर पर वोट करने के लिए अपने हाथ उठाकर, विषय चुनने को कहें।
2. ब्लैकबोर्ड पर, यदि आवश्यक हो तो शब्दावली सहित, कुछ उपयोगी वाक्यांश लिखें। विषय के बारे में नोट्स बनाने के लिए अपने छात्र–छात्राओं को चंद मिनट दें। इससे उन्हें वह तैयार करने के लिए समय मिलता है जो वे कहना चाहते हैं और जिन शब्दों की उन्हें जरूरत होती है। कमरे में घूमें और जिन्हें जरूरत हो उन छात्र–छात्राओं की मदद करें।
3. अपने छात्र–छात्राओं को चार या पाँच के छोटे समूहों में संगठित करें। प्रत्येक समूह से एक सेक्रेटरी चुनने को कहें जो चर्चा के दौरान नोट्स बनाएगा।
4. अपने छात्र–छात्राओं से विषय पर चर्चा करने को कहें। उन्हें थोड़ा समय दें।
5. जब छात्र–छात्रा चर्चा करें, तब यथा सम्भव समूहों की बातें सुनें। यदि आप चाहें तो उनकी अंग्रेजी के उपयोग के बारे में नोट्स बना सकते हैं। छात्र–छात्राओं को टोकने या सही करने का प्रयास न करें – आप उनकी गलतियों को बाद में सुधार सकते हैं।
6. जब समय खत्म हो जाए, तो छात्र–छात्राओं से रुकने को कहें।
7. प्रत्येक समूह के सेक्रेटरी से चर्चा के बारे में रिपोर्ट देने को कहें।
8. छात्र–छात्राओं को रिपोर्टों के बारे में कुछ प्रतिक्रिया दें। छात्र–छात्राओं ने जो कुछ कहा है उसका जवाब दें, और सकारात्मक रहना याद रखें। आप गतिविधि के अंत में हुई गलतियों से किसी अन्य कक्षा में निपट सकते हैं।

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- अपने खुद के शब्दों का उपयोग करते हुए विषय के बारे में बात करने में आपके छात्र–छात्रा किस हद तक सक्षम थे?
- क्या छात्र–छात्राओं को पर्याप्त समर्थन मिला? यदि नहीं, तो भविष्य में आप उन्हें अधिक समर्थन कैसे दे सकते हैं?

याद रखें कि किसी अन्य भाषा में बोलना कई छात्र–छात्राओं के लिए कठिन होता है। प्रोत्साहक बनें और सकारात्मक प्रतिक्रिया दें। कुछ छात्र–छात्राओं को दूसरों से अधिक सहायता की जरूरत होती है। आप इन छात्र–छात्राओं को अधिक शब्द और वाक्यांश दे सकते हैं, योजना बनाने और तैयारी करने के लिए अधिक समय दे सकते हैं, या उन्हें उन सहपाठियों के साथ रख सकते हैं जो उनकी मदद कर सकते हैं।

4 सारांश

अंग्रेजी बोलने में सक्षम होना एक कौशल है जो कई छात्र–छात्राओं के लिए विद्यालय के बाहर और उनके निजी तथा काम के जीवन में उपयोगी होगा। इस कौशल को विकसित करने के लिए, छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में बोलने के बहुत सारे अभ्यास की जरूरत पड़ेगी। आप ऐसा करने में अपने छात्र–छात्राओं को अधिक–से–अधिक अवसर प्रदान करके यह काम कर सकते हैं। ऐसा करने का एक तरीका है छात्र–छात्राओं को जोड़ियों या छोटे समूहों में अंग्रेजी बोलने के लिए प्रेरित करना। इससे सभी छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी कक्षा में किसी बिंदु पर बोलने का अवसर मिलता है।

छात्र–छात्राओं को साक्षात्कारों और चर्चाओं जैसी विविध प्रकार की बोलने की गतिविधियाँ देने की भी जरूरत है। शुरू में, छात्र–छात्राओं को बहुत सारी सहायता की जरूरत पड़ सकती है और उन्हें भाषा उपलब्ध कराने की आवश्यकता हो सकती है (जैसे दोहराना और जोड़ी में श्रुतलेख)। समय के बीतने के साथ, छात्र–छात्रा कम समर्थन वाली गतिविधियों में जा सकते हैं (जैसे रोल प्ले, साक्षात्कार और चर्चाएं)। इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्र–छात्राओं के उन कौशलों को विकसित करने में मदद करेंगी जिनकी उन्हें अंग्रेजी में वास्तविक जीवन के वार्तालापों में भाग लेने के लिए जरूरत होती है।

बोलने की गतिविधियों के लिए अधिक विचारों के लिए, संसाधन 4 और अतिरिक्त संसाधन देखें; अपने स्वयं के बोलने के कौशल विकसित करने के तरीकों के बारे में विचारों के लिए, देखें संसाधन 5।

इस विषय पर अन्य माध्यमिक अंग्रेजी शिक्षक विकास इकाइयाँ ये हैं:

- *अपनी कक्षा में अंग्रेज़ी का अधिकतम उपयोग करना।*
- *अपने छात्र–छात्राओं में अंग्रेजी बोलने के आत्मविश्वास का निर्माण करना।*

संसाधन

संसाधन 1: सभी को शामिल करना

'सबको शामिल करें' का क्या अर्थ है?

संस्कृति और समाज की विविधता कक्षा में प्रतिबिंबित होती है। छात्र–छात्राओं की भाषाएं, रुचियां और योग्यताएं अलग-अलग होती हैं। छात्र–छात्रा विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमियों से आते हैं। हम इन भिन्नताओं को नज़रअंदाज नहीं कर सकते; वास्तव में, हमें इसे उत्सव के रूप में लेना चाहिए, क्योंकि वे एक दूसरे और हमारे अपने अनुभव से परे दुनिया के बारे में अधिक जानने का जरिया बन सकते हैं। सभी छात्र–छात्राओं को शिक्षा पाने और सीखने का अधिकार है चाहे उनकी स्थिति, योग्यता और पृष्ठभूमि कुछ भी हो। इसे भारतीय कानून और अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकारों में मान्यता दी गई है। 2014 में राष्ट्र को अपने पहले संदेश में, प्रधानमंत्री मोदीजी ने जाति, लिंग या आय पर ध्यान दिए बिना भारत के सभी नागरिकों का सम्मान करने के महत्व पर जोर दिया। इस संबंध में विद्यालयों और शिक्षकों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

हम सभी के दूसरों के बारे में पूर्वाग्रह और दृष्टिकोण होते हैं जिन्हें हो सकता है हमने नहीं पहचाना है या संबोधित नहीं किया है। एक शिक्षक/शिक्षिका के रूप में, आप में हर छात्र की शिक्षा के अनुभव को सकारात्मक या नकारात्मक ढंग से प्रभावित करने की शक्ति है। चाहे जानबूझ कर या अनजाने में, आपके अंतर्निहित पूर्वाग्रह और दृष्टिकोण आपके छात्र–छात्राओं को समान रूप से सीखने को प्रभावित कर सकते हैं। आप अपने छात्र–छात्राओं के साथ असमान बर्ताव से बचने के लिए कदम उठा सकते हैं।

शिक्षा में सबको शामिल करना सुनिश्चित करने के तीन मुख्य सिद्धांत

- **देखना:** प्रभावी शिक्षक चौकस, सचेतन और संवेदी होते हैं; वे अपने छात्र–छात्राओं के परिवर्तनों को देखते हैं। यदि आप चौकस हैं, तो आप देखेंगे कि किसी छात्र ने कब कोई चीज अच्छी तरह से की है, उसे कब मदद की जरूरत है और वह कैसे दूसरों से संबद्ध होता है। आप अपने छात्र–छात्राओं के परिवर्तनों को भी समझ सकते हैं, जो उनके घर की परिस्थितियों या अन्य समस्याओं में परिवर्तनों को प्रतिबिंबित कर सकते हैं। सबको शामिल करने के लिए आवश्यक है कि आप अपने छात्र–छात्राओं से दैनिक आधार पर मिलें, और उन छात्र–छात्राओं पर विशेष ध्यान दें जो अधिकारहीन महसूस करते हैं या भाग लेने में अक्षम होते हैं।
- **आत्म-सम्मान पर संकेंद्रण:** अच्छे नागरिक वे होते हैं जो उसके साथ सहज रहते हैं जो वे हैं। उनमें आत्म-सम्मान होता है, वे अपनी ताकतों और कमज़ोरियों को जानते हैं, और उनमें पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना अन्य लोगों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने की क्षमता होती है। वे अपने आपका सम्मान करते हैं और दूसरों का सम्मान करते हैं। एक शिक्षक/शिक्षिका के रूप में, वे किसी युवा व्यक्ति के आत्म-सम्मान पर उल्लेखनीय प्रभाव डाल सकते हैं। अतः आप उस शक्ति को जानें और उसका उपयोग हर छात्र–छात्रा के आत्म-सम्मान को बढ़ाने के लिए करें।
- **लचीलापन:** यदि आपकी कक्षा में कोई चीज विशिष्ट छात्र–छात्राओं, समूहों या व्यक्तियों के लिए उपयोगी नहीं है, तो अपनी योजनाओं को बदलने या गतिविधि को रोकने के लिए तैयार रहें। लचीला होना आपको समायोजन करने में सक्षम करेगा ताकि आप सभी छात्र–छात्राओं को अधिक प्रभावी ढंग से शामिल कर सकें।

वे दृष्टिकोण जिनका उपयोग आप हर समय कर सकते हैं

- **अच्छे व्यवहार का अनुकरण करना:** जातीय समूह, धर्म या लिंग की परवाह किए बिना, अपने छात्र–छात्राओं के साथ अच्छा बर्ताव करके उनके लिए एक उदाहरण बनें। सभी छात्र–छात्राओं से सम्मान के साथ व्यवहार करें और अपने अध्यापन के माध्यम से स्पष्ट कर दें कि आपके लिए सभी छात्र बराबर हैं। उन सबके साथ सम्मान के साथ बात करें, जहाँ उपयुक्त हो उनकी राय को ध्यान में रखें और उन्हें लाभ पहुँचाने वाले काम करके कक्षा की जिम्मेदारी लेने को प्रोत्साहित करें।
- **ऊँची अपेक्षाएं:** योग्यता स्थिर नहीं होती है; यदि समुचित समर्थन मिले तो सभी छात्र–छात्रा सीख सकते और प्रगति कर सकते हैं। यदि किसी छात्र–छात्रा को उस काम को समझने में कठिनाई होती है जो आप कक्षा में कर रहे हैं, तो यह न समझें कि वह कभी भी समझ नहीं सकेगा। शिक्षक/शिक्षिका के रूप में आपकी भूमिका यह सोचना है कि हर छात्र–छात्रा के सीखने में कैसे सर्वोत्तम ढंग से मदद करें। यदि आपको अपनी कक्षा में हर एक से उच्च अपेक्षाएं हैं, तो आपके छात्र–छात्राओं के यह समझने की अधिक संभावना है कि यदि वे लगे रहे तो वे सीख जाएंगे। उच्च अपेक्षाएं बर्ताव पर भी लागू होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि अपेक्षाएं स्पष्ट हैं और कि छात्र–छात्रा एक दूसरे के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं।
- **अपने अध्यापन में विविधता लाएं:** छात्र–छात्रा विभिन्न तरीकों से सीखते हैं। कुछ छात्र–छात्रा लिखना पसंद करते हैं; अन्य अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए मस्तिष्क में मानचित्र या चित्र बनाना पसंद करते हैं। कुछ छात्र अच्छे श्रोता होते हैं; कुछ सबसे अच्छा तब सीखते हैं जब उन्हें अपने विचारों के बारे में बात करने का अवसर मिलता है। आप हर समय सभी छात्र–छात्राओं के लिए उपयुक्त नहीं हो सकते, लेकिन आप अपने अध्यापन में विविधता ला सकते हैं और छात्र–छात्राओं को उनके द्वारा की जाने वाली सीखने की कुछ गतिविधियों के विषय में किसी विकल्प की पेशकश कर सकते हैं।
- **शिक्षा को दैनिक जीवन से जोड़ें:** कुछ छात्र–छात्राओं के लिए, आप उन्हें जो कुछ सीखने को कहते हैं, वह उनके दैनिक के जीवन के प्रति अप्रासंगिक लगता है। आप इसे यह सुनिश्चित करके संबोधित कर सकते हैं कि जब भी संभव हो, आप सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को उनके लिए प्रासंगिक परिवेश से संबंधित करें और उनके अनुभवों से उदाहरण लें।

- **भाषा का उपयोग:** जिस भाषा का आप उपयोग करते हैं उसके बारे में सावधानी से सोचें। सकारात्मक भाषा और प्रशंसा की भाषा का उपयोग करें, और छात्र–छात्राओं का तिरस्कार न करें। हमेशा उनके बर्ताव पर टिप्पणी करें और उन पर नहीं। आप आज मुझे कष्ट दे रहे हैं बहुत निजी लगता है और इसे इस तरह बेहतर ढंग से व्यक्त किया जा सकता है, मैं आज आपके बर्ताव को कष्टप्रद पा रहा हूँ। क्या आपको किसी कारण से ध्यान देने में कठिनाई हो रही है? यह काफी अधिक मददगार होगा।
- **घिसी-पिटी बातों को चुनौती दें:** ऐसे संसाधनों की खोज और उपयोग करें जो लड़कियों को गैर-रूढ़िवादी भूमिकाओं में दर्शाते हैं या अनुकरणीय महिलाओं, जैसे वैज्ञानिकों को विद्यालय में आमंत्रित करें। अपनी स्वयं की लैंगिक रूढ़िवादिता के प्रति सजग रहें; हो सकता है आप जानते हैं कि लड़कियाँ खेल खेलती हैं और लड़के ख्याल रखते हैं, लेकिन हम अक्सर इसे भिन्न तरीके से व्यक्त करते हैं, मुख्यतः इसलिए क्योंकि हम समाज में इस तरह से बात करने के आदी होते हैं।
- **एक सुरक्षित, स्वागत करने वाले शिक्षा के वातावरण का सृजन करें:** यह जरूरी है कि सभी छात्र–छात्रा विद्यालय में सुरक्षित और वाँछित महसूस करें। हर एक से परस्पर सम्मानपूर्ण और मित्रवत बर्ताव को प्रोत्साहित करके आप अपने छात्र–छात्रा को वाँछित महसूस कराने की स्थिति में होते हैं। इस बारे में सोचें कि विद्यालय और कक्षा अलग अलग छात्र–छात्राओं को कैसी दिखाई देगी और महसूस होगी। इस विषय में सोचें कि उनसे कहाँ बैठने को कहा जाएगा और सुनिश्चित करें कि दृष्टि या श्रवण संबंधी दुर्बलताओं या शारीरिक विकलांगताओं वाले छात्र ऐसी जगह बैठें जहाँ से पाठ उनके लिए सुलभ होता हो। निश्चित करें कि जो छात्र शर्मीले हैं या आसानी से विचलित हो जाते हैं वे ऐसे स्थान पर हों जहाँ आप उन्हें आसानी से शामिल कर सकते हैं।

विशिष्ट अध्यापन दृष्टिकोण

ऐसे कई विशिष्ट दृष्टिकोण हैं जो सभी छात्र–छात्राओं को शामिल करने में आपकी सहायता करेंगे। इनका अन्य प्रमुख संसाधनों में अधिक विस्तार से वर्णन किया गया है, लेकिन एक संक्षिप्त परिचय यहाँ प्रस्तुत है:

- **प्रश्न पूछना:** यदि आप छात्र–छात्राओं को अपने हाथ उठाने को आमंत्रित करते हैं, तो वे लोग ही उत्तर देने का प्रयत्न करते हैं। अधिक छात्र–छात्राओं को उत्तरों के बारे में सोचने और प्रश्नों का जवाब देने में शामिल करने के अन्य तरीके हैं। आप प्रश्नों को विशिष्ट लोगों की ओर निर्देशित कर सकते हैं। कक्षा को बताएं कि आप तय करेंगे कि कौन उत्तर देगा, फिर सामने बैठे लोगों की बजाय कमरे के पीछे और पार्श्वों में बैठे लोगों से पूछें। छात्र–छात्राओं को सोचने का समय दें और विशिष्ट लोगों से योगदान आमंत्रित करें। आत्मविश्वास का निर्माण करने के लिए जोड़ी या समूहकार्य का उपयोग करें ताकि आप समग्र-कक्षा चर्चाओं में हर एक को शामिल कर सकें।
- **आकलन:** रचनात्मक आकलन के लिए ऐसी तकनीकों की शृंखला का विकास करें जो हर छात्र–छात्रा को अच्छी तरह से जानने में आपकी मदद करेंगी। छिपी हुई प्रतिभाओं और कमियों को उजागर करने के लिए आपको सृजनात्मक होना पड़ेगा। रचनात्मक आकलन उन अनुमानों, जिन्हें कतिपय छात्र–छात्राओं और उनकी योग्यताओं के बारे में सामान्यीकृत दृष्टिकोणों से आसानी से बनाया जा सकता है, के बजाय सटीक जानकारी देगा। तब आप उनकी व्यक्तिगत जरूरतों के प्रति अनुक्रिया (Response) करने के लिए अच्छी स्थिति में होंगे।
- **समूहकार्य और जोड़ी में कार्य:** सभी को शामिल करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सावधानी से अपनी कक्षा को समूहों में बाँटने या जोड़ियाँ बनाने के तरीकों के बारे में सोचें और छात्र–छात्राओं को एक दूसरे को महत्व देने के लिए प्रोत्साहित करें। सुनिश्चित करें कि सभी छात्र–छात्राओं को एक दूसरे से सीखने और वे जो जानते हैं उसमें आत्मविश्वास का निर्माण करने का अवसर मिले। कुछ छात्र–छात्राओं में छोटे समूह में अपने विचारों को व्यक्त करने और प्रश्न पूछने का आत्मविश्वास होता है, लेकिन संपूर्ण कक्षा के सम्मुख नहीं।
- **विभेदन:** अलग अलग समूहों के लिए अलग अलग कार्य तय करने से छात्र–छात्राओं को जहाँ वे हैं वहाँ से शुरू करने और आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। खुले-सिरे (Open-end) वाले कामों को तय करने से सभी छात्र–छात्राओं को सफल

होने का अवसर मिलेगा। छात्र–छात्राओं को कार्य का विकल्प प्रदान करने से उन्हें अपने काम के स्वामित्व को महसूस करने और अपनी स्वयं की सीखने–सिखाने की प्रक्रिया के लिए दायित्व लेने में सहायता मिलेगी। व्यक्तिगत शिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान मेंरखना, विशेष रूप से बड़ी कक्षा में, कठिन होता है, लेकिन विविध प्रकार के कामों और गतिविधियों का उपयोग करके ऐसा किया जा सकता है।

संसाधन 2: नाटिका के लिए संसाधन

यह नाटिका एक रेस्टोरेंट के दृश्य पर आधारित है। नाटिका के लिए आप ब्लैकबोर्ड पर मेन्यू लिख सकते हैं या अपने छात्र–छात्राओं से अपने खुद के मेन्यू बनाने को कह सकते हैं।

यहाँ एक छोटे रेस्टोरेंट का मेन्यू प्रस्तुत है:

एवरीरेडी रेस्टोरेंट	
रोल्स	
चिकन रोल	रु. 40
एग रोल	रु. 30
वेजीटेरियन रोल	रु. 20

युवा लोगों का एक समूह रेस्टोरेंट में प्रवेश करता है और मेन्यू देखता है। उन्हें दिए गए मेन्यू में से दो रोल चुनने हैं। उनके पास कुछ शर्तें हैं: उनमें से दो लोग शाकाहारी हैं, और अन्य लोग मांसाहारी रोल खाना पसंद करते हैं। उनमें से दो के पास प्रति व्यक्ति 50 रु. हैं और अन्य तीन में से प्रत्येक के पास 30 रु. हैं। चार के समूहों में भूमिकाएं लें और आप निम्नलिखित या स्वयं अपने शब्दों और वाक्यांशों का उपयोग कर सकते हैं:

- 'I prefer … to …'
- 'I am a …'
- 'I don't like …'
- 'I like …'
- 'We also … juice.'
- 'No. That's not a good idea.'
- 'Let me suggest …'

संसाधन 3: बोलने की गतिविधियों के लिए जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने की कुछ चुनौतियों से निपटना

तालिका R2.1 *बोलने की गतिविधियों के लिए जोड़ी और समूहकार्य का उपयोग करने की कुछ चुनौतियों के लिए संभावित समाधान – पूरा किया गया संस्करण।*

आपके छात्र–छात्राओं को बताना कि शोर का स्वीकार योग्य स्तर क्या है आप पर निर्भर करता है। कमरे में घूमें और सभी समूहों और जोड़ियों पर नज़र रखें ताकि यदि कुछ छात्र शोर मचा रहे हैं या गतिविधि नहीं कर रहे हैं तो आप उन्हें तत्काल रोक सकें।	B
सुनिश्चित करें कि आप उन छात्र–छात्राओं की सहायता करें जिन्हें कठिनाई हो रही है। उन्हें शब्दों या वाक्यांशों के साथ अधिक मदद, या जो वे कहने जा रहे हैं उसकी योजना बनाने के लिए अधिक समय की जरूरत हो सकती है।	C

छात्र–छात्रा अन्य छात्र–छात्राओं के साथ योजना बना सकते हैं ताकि वे एक दूसरे की मदद कर सकें। अपने सभी छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास करें ताकि वे प्रेरित और सीखने के लिए उत्सुक बने रहें।	C
विद्यालय में अन्य शिक्षक / शिक्षिकाओं और अपने प्रधानाध्यापक से बात करें ताकि उन्हें पता हो कि कक्षा में क्यों शोर हो रहा है। सुनिश्चित करें कि वे समझें कि शोर अनुशासन की कमी का नहीं बल्कि सीखने की सक्रिय प्रक्रिया का परिणाम है।	B
गलतियों की बहुत ज्यादा चिंता न करें। आप नोट्स बना सकते हैं और गतिविधि के बाद समूची कक्षा के साथ आम समस्याओं की समीक्षा कर सकते हैं।	D
यदि शोर एक समस्या है, तो समय सीमाओं पर सहमत हों, या – यदि संभव हो – तो गतिविधि करने के लिए बाहर चले जाएँ।	B
गलतियों के बारे में सकारात्मक बनें। याद रखें कि छात्र–छात्राओं के अभ्यास करने के लिए कक्षा एक सुरक्षित जगह होती है – वे अपनी गलतियों से सीख सकते हैं और भाषा का कक्षा से बाहर 'वास्तविक जीवन' में उपयोग करने से पहले उसका रिहर्सल कर सकते हैं।	D
जब आप कक्षा में घूमते हैं, तब छात्र–छात्राओं के घर की भाषा का उपयोग करने पर नोट्स बनाएं, और गतिविधि के अंत में, आप उन्हें उनके लिए आवश्यक अंग्रेजी पढ़ा सकते हैं। छात्र–छात्राओं को वे शब्द नोट करने, और अपने खुद के समय में उन शब्दों की खोज करने के लिए शब्दकोष का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें जिन्हें वे नहीं जानते हैं।	A
याद रखें कि छात्र–छात्राओं का अपने घर की भाषा का उपयोग करना या भाषाओं को मिश्रित करना स्वाभाविक होता है। उन्हें अधिक–से–अधिक अंग्रेजी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें, लेकिन यह भी समझें कि ऐसा समय भी आता है जब छात्र–छात्राओं के पास व्यक्त करने के लिए अंग्रेजी में वह भाषा नहीं होती जो वे कहना चाहते हैं, और याद रखें कि थोड़ी सी भी अंग्रेजी बिल्कुल नहीं से तो बेहतर होती है।	A

संसाधन 4: बोलने की गतिविधियाँ

यहाँ पर अंग्रेजी कक्षा के लिए बोलने की गतिविधियों के लिए कुछ TeachingEnglish लिंक्स दिए गए हैं:

- Speaking activities: http://www.teachingenglish.org.uk/activities/speaking-activities
- Fluency activities for higher levels: http://www.teachingenglish.org.uk/language-assistant/teaching-tips/fluency-activities-higher-levels
- Fluency activities for lower levels: http://www.teachingenglish.org.uk/language-assistant/teaching-tips/fluency-activities-lower-levels
- Group discussion skills: http://www.teachingenglish.org.uk/articles/group-discussion-skills
- Student presentations: http://www.teachingenglish.org.uk/articles/student-presentations
- Role play: http://www.teachingenglish.org.uk/articles/role-play

संसाधन 5: अपनी अंग्रेज़ी का विकास करें

यहाँ अपने बोलने के कौशलों को विकसित करने के लिए कुछ सुझाव और लिंक्स दिए गए हैं:

- आपसे जितनी हो सके उतनी अधिक अंग्रेजी सुनें, उदाहरण के लिए रेडियो या इंटरनेट पर।

- यदि संभव हो तो अंग्रेजी में फिल्में या टीवी कार्यक्रम देखें।
- अंग्रेजी पाठों को ऊँची आवाज में पढ़कर स्वयं को सुनाएं। यदि संभव है, तो अपने आप को रिकार्ड करें और उसे सुनें। फिर इसे दोबारा करें!
- आपके सहयोगियों या जो कोई भी अंग्रेजी बोलता है उसके साथ बोलने का अभ्यास करें। कदाचित आप एक स्थानीय इंग्लिश क्लब शुरू कर सकते हैं जहाँ आप प्रति सप्ताह एक घंटे के लिए अंग्रेजी में चैट कर सकते हैं?

Better Speaking वार्तालाप के कौशलों को सुधारने के बारे में बीबीसी की वर्ल्ड सर्विस द्वारा एक सिरीज: http://www.bbc.co.uk/worldservice/learningenglish/webcast/tae_betterspeaking_archive.shtml

अतिरिक्त संसाधन

यहाँ पर बोलने के कौशलों को विकसित करने और मूल्यांकन करने के बारे में अंग्रेजी के शिक्षक/शिक्षिकाओं के लिए लेखों और सुझावों के लिए कुछ लिंक्स उपलब्ध हैं:

- Developing speaking activities: http://www.nclrc.org/essentials/speaking/developspeak.htm
- Overcoming classroom problems: http://www.teachingenglish.org.uk/articles/teaching-speaking-skills-2-overcoming-classroom-problems
- Evaluating speaking: part 1, http://www.teachingenglish.org.uk/articles/evaluating-speaking; part 2, http://www.teachingenglish.org.uk/articles/evaluating-speaking-part-2
- For an example of using pair work in a multi-level classroom, see Chitra from Gangotri Public School in Seelampur, East Delhi (example 26): http://www.stireducation.org/sites/default/files/mi-reports/Micro-innovation%20booklet%20(Delhi%202012).pdf
- 'Speaking for better communication': http://orelt.col.org/module/2-speaking-better-communication

संदर्भ/संदर्भग्रंथ सूची

National Council of Educational Research and Training (2005) *National Curriculum Framework*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/rightside/links/pdf/framework/english/nf2005.pdf (accessed 25 September 2014).

National Council of Educational Research and Training (2006a) *Beehive: Textbook in English for Class IX*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 26 September 2014).

STIR Education (2012) *Final Selection of Micro-innovations for the 2012 First STIR India (Delhi) Cohort* (online), October. Available from: http://www.stireducation.org/sites/default/files/mi-reports/Micro-innovation%20booklet%20(Delhi%202012).pdf (accessed 26 September 2014).

अभिस्वीकृतियाँ

यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/) के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है, जब तक कि अन्यथा निर्धारित न किया गया हो। यह लाइसेंस TESS-India, OU और UKAID लोगो के उपयोग को वर्जित करता है, जिनका उपयोग केवल TESS-India परियोजना के भीतर अपरिवर्तित रूप से किया जा सकता है।

कॉपीराइट के स्वामियों से संपर्क करने का हर प्रयास किया गया है। यदि किसी को अनजाने में अनदेखा कर दिया गया है, तो पहला अवसर मिलते ही प्रकाशकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने में हर्ष होगा।

वीडियो (वीडियो स्टिल्स सहित): भारत भर के उन शिक्षक प्रशिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया जाता है जिन्होंने उत्पादनों में दि ओपन यूनिवर्सिटी के साथ काम किया है।